दिन–गुरूवार                                                    दिनांक– 04 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                        अवधिः– 15 मिनट

---

01. टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीत कर लौटी टीम इंडिया का आज मुम्बई में भव्य स्वागत। लाखों की संख्या में प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा। निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

03. नीट पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआई अदालत ने चार आरोपियों की रिमांड अवधि चार दिनों के लिए और बढ़ाई। धनबाद से गिरफ्तार आरोपी अमन सिंह भी चार दिनों की सीबीआई रिमांड पर।

04. और, बिहार के तेरह आकांक्षी जिलों और इकसठ आकांक्षी प्रखंडों में आज से तीन महीने तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान की हुई शुरूआत।

———————————————————————————

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीत कर लौटी टीम इंडिया का आज मुम्बई में भव्य स्वागत किया गया। टीम इंडिया के सदस्यों ने मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम से शुरू हुई विक्ट्री परेड में हिस्सा लिया। यह परेड गेटवे ऑफ इंडिया की ओर जा रही है। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग टीम इंडिया का हौसला बढ़ाते दिख रहे हैं। मुम्बई की सड़कों पर एक अद्‌भुत और अकल्पनीय जनसैलाब दिख रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय  क्रिकेट टीम से मुलाकात की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव और जसप्रीत बुमराह सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे। प्रधानमंत्री से खिलाड़ियों ने बातचीत की और उन्होंने अपने अनुभव साझा किये। आज सुबह नई दिल्ली पहुंचने पर भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत किया गया। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बारबाडोस से कल शाम विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर निकला एयर इंडिया का विशेष विमान आज तडके नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। अपने सुपर स्टार्स की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर हर कोई बेताब हो उठा। सब अपने चहेते सुपर स्टार्स के साथ एक सेल्फी लेना चाह रहे थे। रनवे से लेकर एयरपोर्ट से बाहर आने तक भारतीय क्रिकेट के सितारों ने भी अपने फैंस को निराश नहीं किया। जब भी मौका मिला वे फैंस के साथ सेल्फी लेते और उनका अभिवादन स्वीकार करते आगे बढते नजर आ रहे थे। एयरपोर्ट के बाहर फैंस का हुजुम ढोल नगाडों के साथ नाचते गाते हुए उनके इस्तकबाल को तैयार था। जश्न का ये माहौल जल्द ही अपने शबाब पर पहुंच गया जब टीम के कुछ खिलाडी फैंस के बीच जाकर नाचते–गाने लगे। एयरपोर्ट से बाहर आकर टीम इंडिया के खिलाडी दो विशेष बसों से अपने होटल के लिए रवाना हुए। होटल पहुंचने पर कैप्टन रोहित शर्मा ने टी–ट्वेंटी विश्व कप जीत पर विशेष तौर पर

तैयार किया गया केक काटा। यह जश्न यही नहीं थमा खिलाडी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिलने पहुंचे। दुर्गेश भदोरिया, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के लालगंज में सबसे अधिक पंचानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, नालंदा के रहुई में सत्तासी दशमलव दो और राजगीर में पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्से में अधिकांश स्थानों जबकि दक्षिणी हिस्से में कई स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। हिमालय की तलहटी वाले जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी बेनीबाद में खतरे के निशान से अट्ठाईस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से चौंतीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ में खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गया है। इधर, महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कटिहार के झावा में नदी का जलस्तर चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। परमान नदी अररिया में लाल निशान से सत्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से प्रदेश के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद नदी का दबाव कई तटबंधों पर बना हुआ है।

———बाईट———

कोसी नदी का पानी किशनपुर प्रखंड के मौजहा पंचायत के निचले इलाकों में फैल गया है। कई लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। प्रशासन की ओर से अब तक प्रभावित क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इधर, पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर ढोली, बनैनिया, लौकहा और भपटियाही पंचायत के कई गांवों में कोसी नदी का पानी फैलने लगा है। लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लेने लगे हैं। इन इलाकों में लोगों के सामने पशु चारे की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया कि महानंदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से अमदाबाद प्रखंड सबसे अधिक प्रभावित है।

———बाईट———

अमदाबाद प्रखंड के लखनपुर पंचायत के बेलगाछी गांव में महानंदा नदी का कटाव काफी तेज हो गया है। इससे पूरे गांव पर खतरा मंडराने लगा है। गांव का एक मात्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय और उससे जुड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र कटाव के मुहाने से केवल पचास मीटर दूर रह गया है। इस बीच जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि कटाव क्षेत्र में बाढ़ निरोधात्मक कार्य के जरिये कटाव रोकने की कोशिश की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

दरभंगा से हमारे संवाददाता ने बताया कि कमला बलान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गये हैं।

———बाईट———

दरभंगा जिले के गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र में कमला बलान नदी का पानी चतरा, रहीटोल, बौराम मुसहरी और मंसारा समेत कई गांवों में फैल गया है। सड़कों पर पानी आ जाने के चलते लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं। किसानों की मूंग और धान की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गयी है। बाढ़ प्रभावित गांव के लोग पहले पश्चिमी तटबंध पर शरण लेते रहे हैं, लेकिन इस बार इस तटबंध पर निर्माण कार्यों के चलते लोगों को ऊंची जगह की तलाश कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

खगड़िया में कोसी और बागमती नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

जिले के चौथम और बेलदौर प्रखंड के कई गांवों में कोसी और बागमती नदी के उफान से कटाव जारी है। चौथम प्रखंड के दियारा क्षेत्र अन्तर्गत सरसवा पंचायत के सिसवा, ठुट्ठी मोहनपुर पंचायत के अग्रहण गांव और रोहियार पंचायत के बंगलिया गांव में भीषण कटाव हो रहा है। सिसवा गांव में कई बीघा उपजाऊ जमीन नदी के गर्भ में समा गयी है। नदी की मुख्य धारा आबादी तक पहुंचने लगी है, जिस कारण लोगों में डर का माहौल है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

इधर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में भी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मधुबनी प्रखंड अंतर्गत तमकुहवा में बना पुलिया और एप्रोच रोड ध्वस्त हो गया। छह महीने पहले इस पुल का निर्माण छह लाख रूपये की लागत से किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पुल गिरने के कारणों की जांच करायी जायेगी।

————————————————————————————

बिहार में लगातार पुल गिरने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में बिहार में बारह पुल गिर चुके हैं। याचिकाकर्ता ने राज्य में मौजूद और हाल के वर्षों में बने सभी पुलों की संरचना की जांच कराने का आदेश देने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की है।

————————————————————————————

नीट पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआई अदालत ने चार आरोपियों की रिमांड अवधि चार दिनों के लिए और बढ़ा दी है। आज सीबीआई ने रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सभी आठ आरोपियों को अदालत में पेश किया। जांच एजेंसी ने चार आरोपियों की रिमांड अवधि बढ़ाये जाने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इधर, धनबाद से गिरफ्तार एक अन्य आरोपी अमन सिंह को भी अदालत में पेश किया गया। सीबीआई ने अदालत में अमन सिंह को चार दिनों के रिमांड पर लेने का आवेदन दिया जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

———————————————————————————

बिहार के तेरह आकांक्षी जिलों और इकसठ आकांक्षी प्रखंडों समेत देशभर में आज से तीन महीने तक चलने वाला सम्पूर्णता अभियान शुरू हुआ। वैशाली जिले के लालगंज में सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत करते हुये नीति आयोग के संयुक्त निदेशक एस.एम. खान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में इस कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है।

———बाईट———

सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिलों और आकांक्षी प्रखंडों में छह संकेतकों – स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जीविका और शिक्षा पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए तीस सितम्बर तक अनवरत प्रयास किए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार आनंद शेखर ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखण्डों में कार्ययोजना चलाई जाएगी और हर क्षेत्र में परिपूर्णता की प्रगति की निगरानी की जाएगी, जागरुकता लाई जाएगी और अभियान के अनुसार व्यवहार में परिवर्तन पर नजर रखी जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————————

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने आज झारखंड के तेरहवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन का तीसरा कार्यकाल है।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज भभुआ के सहकारिता कार्यालय में आयोजित एक समारोह में तैंतालीस पैक्स के लिए गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। श्री कुमार ने कहा कि इन गोदामों की कुल क्षमता छत्तीस हजार मीट्रिक टन होगी।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के भैरव स्थान थाना क्षेत्र के झौआ गांव में आम तोड़ने के विवाद में मां–बेटे की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

पटना के दीघा थाना क्षेत्र में कल एक युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने बाटा फैक्ट्री के पास आगजनी कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप जीत कर लौटी टीम इंडिया का आज मुम्बई में भव्य स्वागत। लाखों की संख्या में प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा। निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

03. नीट पेपर लीक मामले में पटना की सीबीआई अदालत ने चार आरोपियों की रिमांड अवधि चार दिनों के लिए और बढ़ाई। धनबाद से गिरफ्तार आरोपी अमन सिंह भी चार दिनों की सीबीआई रिमांड पर।

04. और, बिहार के तेरह आकांक्षी जिलों और इकसठ आकांक्षी प्रखंडों में आज से तीन महीने तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान की हुई शुरूआत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।